विचारार्थ विषय (टर्म्स ऑफ रेफरेंस)
लॉजिस्टिक एवं आपूर्ति अधिकारी (कुष्ठ प्रभाग)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली उपर्युक्त पद के लिए योग्य अभ्यर्थियों से संविदा के आधार पर आवेदन आमंत्रित करता है।

कार्य की रूपरेखा (जॉब प्रोफाइल):

(i) एनएलईपी की ओर से एमडीईटी औषधियों की आवश्यकता हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन को भेजे जाने वाले वार्षिक इंडेंट तैयार करना।

(ii) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त औषधी इंडेंट की समीक्षा करना और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को की जाने वाली आपूर्ति की गणना करना।

(iii) विश्व स्वास्थ्य संगठन से सरकारी चिकित्सा भंडार डिपो और सरकारी चिकित्सा भंडार डिपो से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को आपूर्ति की जाने वाली एमडीटी औषधियों का समन्वय।

(iv) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को औषधियां भेजने हेतु करनाल, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, चेन्नई और गुवाहाटी के संबंधित सरकारी चिकित्सा भंडार डिपो को निर्गमन आदेश जारी करना।

(v) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को भेजे गए औषधियों के संबंध में संबंधित सरकारी चिकित्सा भंडार डिपो को परिवहन शुल्क का भुगतान करना।

(vi) विभिन्न सरकारी चिकित्सा भंडार डिपो से प्राप्त मासिक एमडीटी स्टॉक की स्थिति को समेकित करके विश्व स्वास्थ्य संगठन को भेजना, ताकि औषधियों की आपूर्ति समय पर हो।

(vii) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के स्तर पर एमडीटी औषधियों की स्टॉक की स्थिति की निगरानी और उपयुक्त कार्रवाई करना।

अर्हता और अनुभव

अर्हता: स्नातक।

अनुभव: स्टोर हेतु प्रापण आपूर्ति और प्रबंधन के क्षेत्र में 5 वर्षों का अनुभव।
कंप्यूटर और इंटरनेट का ज्ञान

आयु-सीमा: 65 वर्ष तक।

पारिश्रमिक: 40,000/- रुपए प्रति माह (समेकित)

आवेदन करने के लिए:

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **24-Jun-2020** तक leprosy.mohfw@gmail.com पर **केवल** ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिष्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।